आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI
सतर्कता विभाग
VIGILANCE DEPARTMENT

Office of the General Manager/Vig.
Modern Coach Factory,
Lalganj, Distt.- Raebareli,
Uttar Pradesh - 229120
Tele (Rly) : 039-61925
Fax (P&T) : 0535-2704381

आज़ादी का अमृत महोत्सव

गोपनीय
Confidential

पत्र सं.: जी/एमसीएफ़/आरबीएल/विज./पीसी/कार्मिक – 09

दिनांक: - 29.07.2023 31

प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी
आरेडिका रायबरेली

विषय : सतर्कता जांच के क्रम में सुधार प्रणाली के संबंध में।

उपरोक्त विषय के संबंध में आपको अवगत कराना है कि, कार्मिक शाखा, आरेडिका रायबरेली के द्वारा सांस्कृतिक कोटा के तहत वर्ष – 2019 – 20 में खाली पड़े 02 पदों की भर्ती कराई गई थी। सतर्कता विभाग के द्वारा वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी के कार्यालय में दिनांक – 20.08.2021 को निवारक जांच के दौरान इस भर्ती से संबन्धित फ़ाइल/दस्तावेज़ जब्त किए गए थे। भर्ती विज्ञापन को दृष्टगत रखते हुए जांच के दौरान पाई गई त्रुटियों/अनियमितताओं/भ्रांतियों पर प्रणाली में आवश्यक सुधार किए जाने की आवश्यकता है: -

1. भर्ती प्रक्रिया के प्रथम चरण में 02 अभ्यर्थियों के जातीय प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में न होने के कारण उन्हे UR treat किया जा सकता था।
2. भर्ती हेतु जारी विज्ञापन की शर्तों के अनुसार परीक्षा फीस का refund, जिसका प्रावधान रखा गया था, के refund हेतु समय पर कार्यवाही नहीं की गई।
3. उक्त भर्ती विज्ञापन के आधार पर जांच में पाया गया कि कुमारी शिवानी मलविया, जो अंतिम रूप से चयनित Declare की गई, के द्वारा अपनी DOB गलत भरी गई थी। जिसकी अनदेखी कर उसे भी योग्य घोषित किया गया। यद्यपि High School के प्रमाण पत्र के आधार पर भी उक्त अभ्यर्थिनी योग्य (आयु के आधार पर) पाई गई। परंतु योग्य घोषित करने से पहले भरी गयी जन्मतिथि तथा हाईस्कूल की मार्कशीट का मिलान आवश्यक था।
4. भर्ती विज्ञापन में दिये गए दिशा निर्देशों का अनुपालन हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये।
5. रेलवे बोर्ड के द्वारा समय – समय पर जारी दिशा निर्देशों व भर्ती विज्ञापन में निर्धारित शर्तों के अनुपालन में ही योग्यता का निर्धारण किया जाना चाहिये।
6. उक्त विन्दुओं को ध्यान में रखते हुये अग्रिम समस्त चयन प्रक्रियाओं में विज्ञापन की शर्तों के अनुसार पारदर्शिता एवं स्पष्टता पूर्णता सुनिश्चित किया जाना चाहिये।

अत: आपसे आग्रह है कि उक्त बिन्दुओं को दृष्टगत रखते हुये अग्रिम चयन प्रक्रियाओं में आवश्यक सुधार आपके स्तर पर सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होगा।

इस पर सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

संजय 31/7/2023
(संजय तिवारी)
वरिष्ठ सतर्कता अधिकारी
कृते महाप्रबंधक/सतर्कता
आरेडिका/रायबरेली